(ग) क्या इंडियन आंयल कार्पोरेशन द्वारा संबंधित ट्रांसपोर्टरों को संशोधित आर.टी.डी. की सूचना भेजी गई थी, यदि हां, तो कब तथा संशोधित आर. टी.डी. किस तारीख से प्रभावी हुई ;

(घ) क्या आर. टी. डी. के संशोधन के कारण ट्रांसपोर्ट कम्पनियों को किए जाने वाले भुगतानों में कोई कटौती हुई हैं ;

(ङ) क्या ट्रांसपोर्ट कम्पनियों को सूचित किए बगैर भूतलक्षी प्रभाव से ऐसी कटौतियां किया जाना वैध है ; और

(च) क्या यह भी सच है कि कतिपय स्थानों के संबंध में अभी तक आर. टी.डी. निर्धारित नहीं की गई है?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय):** (क) से (च) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

**Fall in air cargo and passenger traffic**

150. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether there has been a sharp decline in the off take of air cargo as well as passenger traffic;

(b) if so, what are the reasons therefor; and

(c) what steps are proposed to meet the situation?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI HARMOHAN DHAWAN): (a) to (c) There has been a decline in passenger as well as cargo traffic on account of the Gulf war and recessionary trends in western economies, Air-India has taken steps to rationalize its route (Structure and to effect economy in expenditure.

**Visit to U.K. by officials of the Department of Coal**

151. SHRI TALARI MANOHAR: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a.) whether a high level delegation consisting of officials of the Department of Coal visited the United Kingdom during the month of September, 1990 at the invitation of the British Government; and

(b) if so, what was the main purpose of the visit and the outcome thereof?

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI KALYAN SINGH KALVI): (a) and (b) Yes, 3ir. A twenty member Indian Coal Mission consisting of officials of the Department of Coal, Ministry of Finance, Planning Commission, concerned Public Sector Undertakings and other organisations visited the United Kingdom in September, 1990 on the invitation extended by the Association of the British Manufacturers and the Overseas Development Administration of the U.K. Government to study the latest developments in the field of coal mining operations and manufacture of mining equipment.

The Mission visited coal mines, equipment manufacturing units and attended the presentations on equipment and other technical subjects given by British companies. The Mission also held discussions with officials Of British coal companies, equipment manufacturers and the Overseas Development Administration.

**Review of the findings of the Committees on drug issues**

152. MOHD. KHALEELUR RAHMAN:

CHOWDHRY HARI SINGH: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state:

(a) what are the details of Committees and teams appointed after the

announcement of Drug Policy 1986, *the* findings of which have been ordered for review and scrutiny;

(b) what are the details of such Committees whose findings have been reviewed and action taken;

(c) whether his Ministry have found any irregularities;

(d) if so, what are the details thereof; and

(e) what are the names of the Committees whose reports and find ings are still under review and scrutiny and by when a final decision will be taken thereon?

THE MINISTER) OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND PARLIA-MENTARY AFFAIRS (SHRI SAT-YA PRAKASH MALAVIYA): (a) to (e) To the extent available, the information is given in the statement. (See Appendix CLVIL, Annexure No. 5.)

**"स्वागत" पत्रिका विदेशी फर्म द्वारा मुद्रित**

153. **श्री अजीत जोगी** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइन्स की पत्रिका "स्वागत" का मुद्रण और प्रकाशन एक विदेशी फर्म द्वारा किया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो इस पत्रिका के प्रकाशन के लिए कितनी धनराशि का भुगतान किया जाता है ;

(ग) इस संबंध में विदेशी फर्म के साथ हुए समझौते के निर्बन्धन और शर्तें क्या हैं ;

(घ) इस पत्रिका का मुद्रण और प्रकाशन विदेश में कराने के लिए अब तक कितनी विदेशी मुद्रा व्यय की गयी है ; और

(ङ) क्या सरकार इस पत्रिका का प्रकाशन अपने देश में ही कराने का विचार रखती है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरमोहन धवन)** : (क) जी, हां। इंडियन एयरलाइंस की उड़ानगत पत्रिका "स्वागत" हांगकांग में निगमित मैसर्स मीडिया ट्रांसएशिया लिमिटेड द्वारा मुद्रित और प्रकाशित की जाती है जिसका मालिक एक अनिवासी भारतीय है ।

(ख) इंडियन एयरलाइंस द्वारा इस प्रकाशन के लिए कोई राशि नहीं दी जाती है।

(ग) करार के अंतर्गत, उक्त प्रकाशक द्वारा प्रति माह उड़ानगत पत्रिका की 60,000 प्रतियां यात्रियों की सुविधा के लिए इंडियन एयरलाइंस को उसकी उड़ानों के दौरान रखने के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं । यह प्रकाशक, प्रकाशन की लागत "स्वागत" में दिए गए विज्ञापनों से अर्जित राजस्व से पूरी करता है ।

(घ) इसमें विदेशी मुद्रा का कोई व्यय नहीं है ।

(ङ) अभी तक कोई भारतीय पार्टी ऐसी आकर्षक शर्तें और गुणवत्ता प्रस्तुत नहीं कर सकी है जो मैसर्स मीडिया ट्रांस-एशिया लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत की गई हैं। इसके अलावा, उक्त प्रकाशक के साथ करार मई, 1993 में समाप्त होगा ।

**कच्चे तेल और गैस की खोज के लिए रिग्स और ड्रिलिंग मशीनों का किराए पर लिया जाना**

154. **श्री अजीत जोगी** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की खोज करने के लिए सरकार ने इस समय कितनी रिग्स और ड्रिलिंग मशीनें किराए पर ली हुई हैं ;